तापमान

अधिकतम 35 .5 डिग्री

न्यूनतम 20 .4 डिग्री

हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, मंगलवार, 1 जुलाई, 2025



10 अपराधों पर अंकुश, महिला सुरक्षा व नशे की रोकथाम पुलिस की प्राथमिकता : डीएसपी श्योराण





10 योजना बेहतर बनाने के लिए कार्य को रोजमर्रा के व्यवहार में लाना जरूरी




## खबर संक्षेप

### स्टेशन पर रेल यात्री का पर्स चोरी

**रेवाड़ी।** दिल्ली से अटेली के लिए ट्रेन में सवार हुए एक यात्री का पर्स चोरी हो गया। जीआरपी को दर्ज शिकायत में महेंद्रगढ़ के बाछौद गांव निवासी शुभम यादव ने बताया कि वह दिल्ली से घर आने के लिए पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर टिकट ले रहा था। इसी दौरान किसी ने उसकी जेब से पर्स चोरी कर लिया। ट्रेन चलने का टाइम होने के कारण वह वहां एफआईआर दर्ज नहीं करा सका। पर्स में उसके आवश्यक दस्तावेज थे। जीआरपी ने उसकी शिकायत पर जीरो एफआईआर दर्ज करते हुए उसे पुरानी दिल्ली जीआरपी को प्रेषित कर दिया।

### अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** बास रोड पर पुलिस ने अवैध शराब बेचने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि सैय्यद कॉलोनी देव अवैध शराब बेचने का धंधा करता है। वह बास रोड पर खड़ा शराब बेच रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां खड़े व्यक्ति ने भागने का प्रयास किया। पुलिस ने पीछा करते हुए उसे काबू कर लिया। उसके पास मौजूद कट्टे से 36 बोतल शराब बरामद हुई।

### ट्रेन में बैग से नकदी से जेवर चोरी

**रेवाड़ी।** रेलवे स्टेशन पर रिजर्व कोच में यात्रा कर रहे दंपति के बैग से जेवरात व नकदी चोरी हो गए। बीकानेर जीआरपी से मिली जीरो एफआईआर के आधार पर केस दर्ज किया गया है। बीकानेर के सुदर्शना नगर निवासी शशि शर्मा ने बताया कि वह वह अपनी पत्नी व मां के साथ रिजर्व कोच में दिल्ली से बीकानेर जा रहा था। रेवाड़ी स्टेशन पर केबिन में आकर बैठे दो लड़कों ने बैग से 2500 रुपये, सोने का मंगलसूत्र व टॉप्स चोरी कर लिए। बीकानेर से मिली जीरो एफआईआर के आधार पर जीआरपी ने चोरी का केस दर्ज कर लिया।

### मारपीट मामले में दो आरोपी काबू

**डहीना।** पुलिस चौकी ने 10 जून को गांव डहीना में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अस्पताल में उपचाराधीन घायल के बयान पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पीड़ित पक्ष की ओर से उन पर मारपीट व धमकी देने के आरोप लगाए गए थे। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने डहीना निवासी प्रवीण व ललित को गिरफ्तार कर लिया।

### चार किसानों के नलूकपों पर चोरी

**बावल।** बैरियावास व पास के गांव से चोर चार किसानों के नलकूपों से बिजली की केबल चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में सरजीत ने बताया कि उसने खेत में सोलर पंप सेट लगवाया हुआ है। 28 जून को चोर उसके पंप सेट की लगभग 20 हजार रुपये की केबल चोरी कर ले गए। पूछताछ करने पर पता चला किया चोर भागमल, राजकुमार व भुडला की ढाणी निवासी विजयपाल के नलकूप से भी बिजली की केबल काट ले गए।

### टैंकर की चपेट में आकर एक घायल

**रेवाड़ी।** करनावास के निकट तेल टैंकर की चपेट में आने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। कमालपुर निवासी निरंजनलाल तेल डिपो के पास सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान उसे एक टैंकर ने टक्कर मार दी। इससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। परिजन उसे गुरूग्राम के एक अस्पताल ले गए। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद टैंकर चालक की तलाश शुरू कर दी।

### बरसात बढ़ने के साथ अभी और भी बढेंगे सब्जियों के दाम

# सब्जियों व फलों पर पड़ी मौसम की मार बरसात शुरू होते ही दोगुने हो गए भाव




रेवाड़ी। नाईवाली सब्जीमंडी में दुकान पर लगी हुई सब्जियां। फोटो : हरिभूमि

**सब्जियों के दाम/ प्रति किलोग्राम**

| सब्जियां | पहले के दाम | वर्तमान दाम |
|---|---|---|
| अदरक | 60 | 80 से 100 |
| टमाटर | 20 | 40 से 60 |
| हरी मिर्च | 30 | 40 से 60 |
| नींबू | 50 | 60 से 80 |
| भिंडी | 40 | 60 |
| खीरा | 30 | 50 से 60 |
| करेला | 20 | 40 |
| ग्वार फली | 40 | 80 से 100 |
| बैंगन | 20 | 40 |
| टिंडा | 40 | 80 |
| आलू | 20 | 25 |
| प्याज | 20 | 25 |
| घीया | 20 | 40 |
| अरबी | 40 | 60 |
| तोरई | 20 | 40 |
| हरा धनिया | 50 | 60 से 80 |
| शिमला मिर् | 40 | 60 से 80 |
| कैरी | 20 | 40 |
| पोदीना | 40 | 60 से 80 |
| सीताफल | 20 | 40 |

### दो सप्ताह पहले 20 रुपये किलोग्राम बिकने वाला टमाटर 60 रुपये पर पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

मौसम में बदलाव के साथ पिछले दस दिनों में सब्जियों के दाम भी 20 से 40 रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ गए है। मानसून सीजन शुरू होते ही सब्जियों पर मंहगाई का तड़का लग गया है। बरसात के कारण कई सब्जियों के दाम दोगुने हो गए है। आलू, प्याज, घीया व सीताफल को छोड़कर सब्जीमंडी में बाकी सबिजयां 40 रुपये से बढ़कर 80 रुपये प्रति किलोग्राम पहुंच गई है। पिछले दो सप्ताह पहले 10 से 20 रुपये प्रति किलो बिकने वाला टमाटर अब 60 रुपये प्रति किलोग्राम बिक रहा है। इसके अलावा खीरा भी 40 से 60 रुपये किलोग्राम पर पहुंच गया है, जिससे होटलों में दी जाने वाली सलाद से धीरे-धीरे टमाटर गायब होने लगा है। ग्रहणियां भी टमाटर का इस्तेमाल सोच-समझ कर कर रही है। सब्जी में जायका बढ़ाने वाला हरा धनिया 50 रुपये किलोग्राम से 80 रुपये किलोग्राम पर पहुंच गया। बाकी सीजन की सभी सब्जियों के दाम 20 से 25 रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ गए है। कॉलोनियों व मौहल्ले में रेहड़ियों पर सब्जी बेचने वाले इन सब्जियों के दाम इसमें भी 20 से 25 रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ाकर ले रहे है।

**दाग लगने से जल्दी खराब हो रही सब्जियां**



बरसात के कारण काफी सब्जियां में दाग लग जाने के कारण खराब हो रही है तथा काफी सब्जियां शहर में कम पहुंच पा रही है, जिसके कारण लगातार दाम बढ़ रहे है। सब्जियों को लाने में ट्रासपोर्ट भी महंगा हो रहा है। बरसात बढ़ने के साथ अभी सब्जियों व फलों के दाम और भी बढ़ने वाले है।

-कैलाश सैनी, सब्जी विक्रेता।

#### गत वर्ष भी बरसात में बढ़ गए थे दाम

गत वर्ष बरसात के समय आलू, टमाटर, धनिया, नींबू, अदरक व प्याज पर महंगाई का काफी असर पड़ा था। टमाटर 20 रुपये से 150 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया था। आलू के दाम 40 रुपये प्रति किलोग्राम हो गए थे। इसके अलावा 100 रुपये का 5 किलोग्राम मिलने वाला प्याज 70 रुपये किलोग्राम हो गया था। हरा धनिया 250 रुपये किलोग्राम, नींबू 160 रुपये किलोग्राम तथा अदरक के भाव 240 रुपये किलोग्राम हो गए थे।

#### फलों के दामों में भी आने लगा उछाल

जिले की सब्जीमंडियों में दिल्ली, जयपुर, गुरुग्राम, सिहोर, पंजाब, शिमला व महाराष्ट से सब्जियां बिकने के लिए आ रही है। इन दिनों बरसात ज्यादा होने के कारण सब्जियां कम आने व बरसात के कारण खराब होने के कारण इनके दाम बढ़ गए है। जून के शुरू में 20 रुपए प्रति किलोग्राम के हिसाब से बिकने वाली सब्जियां अब बरसात होने से 80 से 100 रुपये प्रति किलोग्राम तक बिक रही है। बरसात बढ़ने के साथ-साथ सब्जियों के दामों में और भी तेजी आने की संभावना है, जिससे ग्रहणियों की रसोई का बजट बिगड़ने वाला है। बरसात का असर फलों पर भी पड़ रहा है। सेब 200 रुपये, जामुन 200 रुपये, आलू बुखारा 120, लीची 200 रुपये व आम 50 से 80 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव से बिक रहा है। इसके अलावा नारियल 80 से 90 रुपये प्रति नग व कीवी 50 रुपये प्रति नग के भाव से बिक रही है।



रेवाड़ी। पार्किंग के पैसे को झगड़ते हुए कर्मचारी व कार चालक व पार्किंग शुल्क को लेकर एक दूसरे की गिरेबान पकड़े हुए। फोटो : हरिभूमि

## नागरिक अस्पताल में पार्किंग शुल्क ने देने पर हुआ हंगामा

- कर्मचारियों व कार चालक में झड़प

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

नागरिक अस्पताल में सोमवार सुबह पार्किंग शुल्क को लेकर हंगामा हो गया। एक कार चालक ने स्वयं को को पुलिसकर्मी बताकर पार्किंग के पैसे देने से इंकार कर दिया। पहले तो चालक बिना पार्किंग के पैसे दिए अस्पताल में चला गया, लेकिन जब वह वापस कार के पास आया और पार्किंग के कर्मचारियों ने उससे पैसे मांगे तो विवाद बढ़ गया। जब ड्राइवर कार लेकर मुख्य गेट तक पहुंचा, तो कर्मचारियों ने उसका रास्ता रोक लिया। इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच लात-घूंसे चल गए और ड्राइवर बिना पैसे दिए मौके से फरार हो गया। सरकारी अस्पताल में हंगामें को देखकर आने वाले लोग मोबाइल से वीडियो बनाते रहे। पार्किंग कर्मचारियों ने कहा कि नागरिक अस्पताल में बाइक के लिए 10 रुपए व कार के लिए मात्र 20 रुपए शुल्क है, जिसके बावजूद कुछ लोग तरह-तरह के बहाने बनाकर पैसे नहीं देते है। उन्होंने एक साल के लिए टेंडर लिया हुआ है तथा वे अस्पताल में ट्रैफिक व्यवस्था भी ठीक रखते हैं।

## घर से लापता वृद्ध का खेत में मिला शव, पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया

**रेवाड़ी।** बुड़ाना से चार दिन पहले घर से लापता हुए लगभग 65 वर्षीय बुजुर्ग का शव तुर्कियावास के खेत से बरामद हुआ है। सदर थाना पुलिस ने मौत के कारणों का पता लगाने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस शिकायत में बुड़ाना निवासी सुरेंद्र ने बताया था कि उसका पिता ओमप्रकाश तीन-चार दिन पहले घर से बिना बताए कहीं चला गया। रविवार को उसे सूचना मिली कि तुर्कियावास के खेत में एक शव पड़ा हुआ है। इसके बाद वह मौके पर पहुंचा तो शव उसके पिता का निकला। मृतक के शरीर पर किसी तरह के चोट के निशान नहीं पाए गए। सदर थाना पुलिस भी सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में सामान्य अस्पताल से पोस्टमार्टम करा दिया। सुरेंद्र ने पुलिस बयान में बताया कि उसका पिता हर्ट का पेशेंट था। उसकी मौत दिल का दौरा आने से हो सकती है। मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही चल पाएगा।

## हड़ताल की तैयारियों के लिए की बैठक

- नौ जुलाई को ट्रेड यूनियनों और संगठनों की एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭कोसली

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन की बैठक सोमवार को जनस्वास्थ्य विभाग यूनियन के कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता ब्रांच प्रधान शमसेर सिंह ने की तथा संचालन सचिव अंकित ने किया। बैठक में राज्य उप प्रधान अफलातून जाखड़ व राज्य उप महासचिव राजेश धनखड़ उपस्थित थे। बैठक में 9 जुलाई को देशभर की ट्रेड यूनियनों और जन संगठनों के संयुक्त आह्वान पर होने वाली एकदिवसीय राष्ट्रव्यापी सांकेतिक हड़ताल की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग और लोक निर्माण विभाग के मैकेनिकल विंग सहित कई विभागों में रेशेनेलाइजेशन के नाम पर बेलदार, कैनाल गार्ड, हेल्पर, सुपरवाइजर, मैसन, अर्थवर्क मिस्त्री, स्टोर कीपर, टेलीफोन अटेंडेंट, प्लंबर, चार्जमैन व फोरमैन के सैकड़ों पदों की कटौती की सिफारिश की गई है। कर्मचारियों ने सरकार से सभी प्रकार के कच्चे कर्मचारियों को नियमित करने की नीति बनाने, एचके आरएन से हटाए गए कर्मचारियों को वेतन व पुनर्नियुक्ति देने, सेवा सुरक्षा सुनिश्चित करने, कैनाल गार्ड, गेज रीडर व मेट को तृतीय श्रेणी का दर्जा देने, टर्म अप्वाइंटी कर्मचारियों को 23900 का वेतनमान देने, कॉमन कैडर के कर्मचारियों को विभागीय नियमों के तहत पदोन्नति देने, सरकारी भवनों-सड़कों का रखरखाव विभागीय अमले से करवाने, सभी खाली पदों को तुरंत भरने की प्रक्रिया शुरू करने, सेवा नियमों और वेतन विसंगतियों को दूर करने तथा वर्दी धुलाई भत्ता मासिक वेतन के साथ देने की मांग की।



रेवाड़ी। पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन की एक बैठक को संबोधित करते कर्मचारी नेता। फोटो : हरिभूमि

### युवती से दुष्कर्म करने वाला युवक गिरफ्तार

**बावल।** बावल थाना पुलिस ने क्षेत्र के एक गांव से लड़की को अपने साथ ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किया गया आरोपी पीड़िता के गांव का ही रहने वाला है। क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने अपनी शिकायत में बताया था कि गत 9 जून की रात को उसकी 21 वर्ष से बेटी घर में सो रही थी। रात को करीब दो-तीन बजे गांव का ही रहने वाला युवक छत के जरिए मकान में दाखिल हुआ और उनकी बेटी को जबरदस्ती अपने साथ ले गया। आरोपी युवक पहले से शादीशुदा है और दो बच्चों का पिता है। पुलिस ने थाना बावल में मामला दर्ज करके जांच शुरू की थी। पुलिस ने रविवार को राजस्थान के पुष्कर से लड़की को बरामद कर लिया है। लड़की ने बताया कि आरोपी उसे अजमेर के पुष्कर शहर में ले गया था और वहां पर आरोपी ने उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया।

## 14वें दिन भी जारी रहा धरना

- अध्यक्ष के निधन पर काली पट्टी बांधकर जताया शोक

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

रामगढ़-भगवानपुर अस्पताल बनाओ संघर्ष कमेटी के बैनर तले गांव में 200 बेड का नागरिक अस्पताल बनाने की मांग को लेकर आयोजित अनिश्चितकालीन धरना सोमवार को 14वें दिन में प्रवेश कर गया। धरने पर रामगढ़-भगवानपुर सहित क्षेत्र के आसपास के गांव मीरपुर, बुडानी, बुड़ाना, फिदेड़ी, बालियर खुर्द व फदनी गांवों के ग्रामीण व महिलाएं शामिल हो रहे है। सोमवार को धरना स्थल पर संघर्ष कमेटी की ओर से समिति के अध्यक्ष 85 वर्षीय बुजुर्ग राममेहर के निधन पर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। सभी ने काली पट्टी बांधकर शोक प्रकट किया। समिति के अध्यक्ष राममेहर का 29 जून को आयोजित महापंचायत के बाद शाम के समय हृदय गति रूक जाने से निधन हो गया था। सोमवार को सुबह उनका अंतिम संस्कार किया गया। धरना स्थल पर उपस्थित ग्रामीणों ने संकल्प लिया कि जब तक उनकी 200 बेड के नागरिक अस्पताल बनवाने की मांग पूरी नहीं होगी, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। यही दिवंगत अध्यक्ष राममेहर के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। सरपंच प्रतिनिधि अनिल ने कहा कि सभी के सहयोग से स्व. राममेहर सिंह के अस्पताल बनाने के अधूरे स्वप्न को पूरा करेंगे।




रेवाड़ी। धरना स्थल पर राममेहर को श्रद्धांजलि अर्पित करते ग्रामीण।

**ये रहे मौजूद**

*इस मौके पर अभय सिंह फिदेडी, कॉमरेड रमेश चंद्र, खजान सिंह पूर्व सरपंच बुड़ानी, मोहर सिंह, मास्टर प्रेम प्रकाश बुड़ाना, अनिल सरपंच प्रतिनिधि सरपंच भगवानपुर, महिपाल सिंह रिटायर्ड इंस्पेक्टर फदनी, अरविंद रिटायर्ड हैड मास्टर, नरेंद्र सिंह, राजवीर, रामकिशन, सुरेंद्र सिंह, सतवीर सिंह, पूर्व सरपंच भंवर सिंह, सुरेंद्र सिंह, भागमल, पहलाद सिंह, महेश कुमार, सतीश, खजान सिंह, लाल सिंह, कंवर सिंह हेडमास्टर, सहित अनेक मौजूद थे।*

## ऑनलाइन टॉस्क के नाम पर ठगी, युवक को लगाया 7.70 लाख रुपये का चूना

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

साइबर ठगों ऑनलाइन टास्क के नाम पर मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर एक युवक को 7.70 लाख रुपये की ठगी का शिकार बना दिया। साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। पुलिस शिकायत में शहबाजपुर इस्तमुरार निवासी गुलशन यादव ने बताया कि वह एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है।

वह अपने मोबाइल फोन पर टेलीग्राम यूज करता है। उसके टेलीग्राम पर 20 अप्रैल को एक लिंक आया था। लिंक पर क्लिक करते ही उसके फोन में एक साइट खुली। इसमें उसे ऑनलाइन टास्क करने के बदले मोटा पैसा कमाने का लालच दिया गया। उससे पहली बार 7777 रुपये का निवेश कराया गया, जिसके बदले उसके खाते में 26 हजार रुपये आ गए। दूसरी बार उसने 10 हजार रुपये निवेश किए, तो उसके बदले उसे 38 हजार रुपये दिए गए। दो बार में अच्छे पैसे मिलने के कारण वह लालच में आ गया। ज्यादा पैसे कमाने के चक्कर में उसने 1.20 लाख रुपये उनके बताए गए खाता नंबरों पर ट्रांसफर कर दिए।

**जमा कराते रहे पैसा**

गुलशन ने बताया कि खाते में पैसे ज्यादा दर्शाने के कारण वह साइबर ठगों की चाल में फंसता चला गया। उसे बाद में पूरी रकम डबल करके देने का लालच देकर 3.21 लाख रुपये और जमा कराए। कई ट्रांजेक्शन के जरिए उसने 27 जून तक 770106 रुपये उनके बताए खातों में डाल दिए। इसके बाद उससे और पैसे जमा कराने को कहा गया, तो उसे ठगी का अहसास हुआ। साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद उन खातों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए, जिनमें उसकी ट्रांसफर हुई है।

### कार्यक्रम में ग्रामीणों को प्रदर्शनी लगाकर दी योजनाओं की जानकारी

## रात्रि ठहराव कार्यक्रम में ग्रामीणों ने उठाया लाभ

- डीसी ने जन शिकायतों का मौके पर किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

सोमवार को जिले के गांव रोहड़ाई में रात्रि ठहराव जनसंवाद कार्यक्रम में डीसी अभिषेक मीणा ने ग्रामीणों की ओर से रखी गई अधिकतर शिकायतों का मौके पर समाधान किया। डीसी ने शेष शिकायतों के समाधान के लिए विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की हर समस्या का निवारण करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। डीसी अभिषेक मीणा व एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परिसर में विभागीय प्रदर्शनी का अवलोकन किया। डीसी ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए ग्रामीणों को पौधारोपण के लिए भी प्रोत्साहित किया। साथ ही गांव में चल रहे विकास कार्यों का भी निरीक्षण किया। डीसी मीणा ने गांव की हरिजन चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं की सुनवाई कर उनका समाधान कराया। शिविर में बिजली, पानी, अवैध कब्जा, परिवार पहचान पत्र में संशोधन व पेंशन इत्यादि की समस्याएं रखी गई। जनसंवाद कार्यक्रम में गांव रोहड़ाई के अलावा अन्य गांवों के ग्रामीणों ने भी अपनी समस्याएं रखी। एसपी हेमेंद्र मीणा ने आमजन को साइबर फ्रॉड से बचाव की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने नशे के रोकथाम में ग्रामीणों को सहभागी बनने के लिए प्रेरित किया।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनते डीसी व अन्य अधिकारी।

**प्रदर्शनी से दी विभागीय योजनाओं की जानकारी**

कार्यक्रम में विभिन्न विभागों ने अपनी स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी। अधिकारियों-कर्मचारियों ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों को उनका पूर्ण लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। विभागीय अधिकारियों ने योजनाओं की जानकारी देते हुए उनका फायदा उठाने की पूर्ण प्रक्रिया से अवगत कराया।

**सरपंच ने डीसी को सौंपा मांगपत्र**

कार्यक्रम में गांव की सरपंच ममता देवी ने डीसी को मांगों के लिए मांगपत्र भी सौंपा। मांग पत्र में गांव से संबंधित विभिन्न समस्याएं रखी गई। डीसी मीणा ने लगभग सभी मांगों को पूर्ण करवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर एसी यूटी रूहानी, एसडीएम सुरेंद्र सिंह, डीएसपी विद्यानंद, डीडीपीओ नरेंद्र सारवान, डिप्टी सीईओ अंकित चौहान, जीएम रोडवेज प्रदीप अहलावत, नायब तहसीलदार श्याम लाल, पीओ शालू यादव व डिप्टी डीईओ राजेंद्र शर्मा सहित सभी विभागों के अधिकारी व गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

हरिभूमि सहेली
रोहतक, मंगलवार
1 जुलाई 2025




# लव स्कैम

## इस धोखेबाजी से बचें

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर कौन, कब दोस्त बनकर हमारे साथ खेल खेलने लगे, कुछ पता नहीं। इन जालसाजों के जाल में लड़कियां ही नहीं, मैच्योर महिलाएं भी भावनात्मक, शारीरिक और फाइनेंशियल फ्रंट पर शोषण का शिकार हो रही हैं। इसलिए अनजाने लोगों से जुड़ने में सजगता बहुत जरूरी है।

कवर स्टोरी

डॉ. मोनिका शर्मा



आजकल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर स्नेह भरे जुड़ाव के नाम पर हर एज ग्रुप की महिलाएं छलावे का शिकार हो रही हैं। अनदेखे-अनजाने चेहरों के वादों और दावों की जालसाजी उनके जज्बातों के साथ खिलवाड़ ही नहीं करती, आपराधिक घटनाओं का भी कारण बनती है। सोशल मीडिया में प्रेम जताने, मन भटकाने के नाम पर लव स्कैम या रोमांस स्कैम के रूप में होने वाली धोखेबाजी के मामले खूब सामने आ रहे हैं। इतना ही नहीं फाइनेंशियल स्कैम भी हो रहे हैं। ऐसे में सभी वर्चुअल प्लेटफॉर्म्स पर महिलाओं का सजग रहना जरूरी है।

**सोची-समझी चालबाजी:** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर किसी भी तरह के शोषण और धोखाधड़ी का खेल खेलने वाले लोग सोच-समझकर जाल बिछाते हैं। गांवों-कस्बों से लेकर मेट्रो सिटीज तक, बड़ी संख्या में महिलाएं और लड़कियां ऐसी जालसाजी का शिकार भी हो रही हैं। खासकर इमोशनल जुड़ाव की भूल-भुलैया में हर आयु वर्ग की महिलाओं के साथ धोखाधड़ी हो रही है। पिछले कुछ समय चर्चा में आई 'पिग बुचरिंग स्कैम' की स्ट्रेटेजी में महिलाओं के साथ सोची-समझी चालबाजी से जालसाजी की जा रही है। असल में 'पिग बुचरिंग स्कैम' की धोखाधड़ी को समझने से लिए बूचड़खाने का उदाहरण दिया जाता है। जैसे बाड़े में जानवर को देखभाल के साथ रखते हुए स्नेह-संभाल करने के बाद उसका जीवन छीन लिया जाता है, वैसे ही इस तरह ठगी करने वाले पहले विश्वास जीतने का खेल खेलते हैं। धोखा देने से पहले इस जालसाजी में क्लोज फ्रेंडशिप और प्रेम भरे जुड़ाव का पहलू भी शामिल होता है। झूठे प्रेम के नाम पर पूरी प्लानिंग के साथ ऐसी धोखाधड़ी का खेल खेला जाता है। महिला मित्रों के साथ सधे-सहज ढंग से रिश्ते जोड़कर प्रेम के नाम पर संवाद करते हुए धोखाधड़ी के भंवर में फंसाया जाता है। जिसके चलते बहुत-सी स्त्रियां भावनात्मक, शारीरिक और फाइनेंशियल फ्रंट पर शोषण का शिकार बन जाती हैं।

**इमोशनल फ्रंट पर धोखा:** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर होने वाली धोखेबाजी के अधिकतर मामलों में सबसे पहले भरोसा जीतने के लिए दोस्ती और प्रेम का ही सहारा लिया जाता है। फिर फाइनेंशियली ठगने के लिए धमाकेदार रिटर्न का वादा करते हुए पैसे इंवेस्ट करवाए जाते हैं या शारीरिक-मानसिक शोषण के लिए निजी बातें और जानकारियां पूछी जाती हैं। सरहदों की दूरियां मिटाकर दुनिया के हर कोने में बसे लोगों को जोड़ने वाली वर्चुअल दुनिया में जालसाजी का यह रंग-ढंग ग्लोबल लेवल पर विस्तार पा रहा है। यही वजह है कि भावनात्मक दिशाहीनता से जुड़े ठगी के ऐसे मामलों में आभासी दुनिया में विशेष सतर्कता की दरकार है। आमतौर पर सोशल मीडिया मंचों पर जाली प्रोफाइल बनाकर भी महिलाओं को प्यार के चंगुल में फंसाया जाता है। कुछ समय पहले दिल्ली के 23 वर्षीय लड़के ने खुद को ब्राजीलियन मॉडल बताकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स बंबल और स्नैपचैट पर 700 लड़कियों से भावनात्मक जुड़ाव बनाकर अपने जाल में फंसाया। उसने 18 से 30 साल की महिलाओं से मित्रता बढ़ाकर निजी तस्वीरें भेजने के लिए मना लिया। तस्वीरें भेजने वाली लड़कियों और महिलाओं को ब्लैकमेल करने के इरादे से खेले गए खेल में उसने तस्वीरों को इंटरनेट पर वायरल करने या डार्क वेब पर बेचने की धमकी देकर पैसे लिए। समझना कठिन नहीं कि ऐसे मामले भी कहीं ना कहीं महिलाओं के भावनात्मक दोहन से ही जुड़े होते हैं। झूठे प्रेम का जाल बुनकर अंजाम दिए जाते हैं। जरूरी है कि महिलाएं व्यावहारिक धरातल पर सोचें। सोशल मीडिया के आभासी संसार में प्यार के भ्रम भरे उलझाऊ संबंधों के घेरे में ना आएं।

**अनगिनत खामियाजे:** झूठे प्रेम की वर्चुअल धोखाधड़ी असली दुनिया में सब कुछ उजाड़ देती है। इस सोचे-समझे जाल को समय रहते समझ कर इसके जाल में फंसने से पहले संभल जाइए। यह कटु सच है कि मौजूदा दौर में असल दुनिया से लेकर वर्चुअल दुनिया तक, खुद को भावनात्मक रूप से मजबूत रखना जरूरी हो गया है। यह समझना जरूरी है कि प्रेम यूं तलाशने या आंख बंद कर किसी की बातों में आ जाने से नहीं मिलता। यह फरेब तो महिलाओं से बहुत कुछ छीन लेता है। पैसे ऐंठने से लेकर ब्लैकमेलिंग का भय दिखाने तक, धन, सुकून और संबंधों में खटास आने जैसे अनगिनत नुकसान झेलने पड़ते हैं। जालसाजी के ऐसे मामलों में कई बार ब्लैकमेलिंग पैसे ऐंठने तक ही सीमित नहीं रहती। महिलाओं को शारीरिक शोषण और दूसरे लोगों को ठगने के खेल में शामिल होने के लिए भी मजबूर किया जाता है। यह सच है कि ऑनलाइन संसार से बढ़ती कनेक्टिविटी ने युवतियों-किशोरियों के लिए नहीं, बड़ी उम्र की महिलाओं के लिए भी मेलजोल का एक नया संसार खोला है। ऐसे में डिजिटल क्रांति से जुड़ा बदलाव पर्सनल फ्रंट पर पहले से कहीं ज्यादा ठहराव और समझ की मांग करता है। सोशल मीडिया और डेटिंग एप्स की डिजिटल दुनिया ने प्रेमपगे गठजोड़ के नए रंग हमारे सामने रखे हैं। रोमांस और ठगी की भाषा बदल दी है। कुछ लोगों के लिए यह जुड़ाव इरादतन खेला गया खेल होता है। दूर बैठे चेहरे गुमराह करने लगते हैं। हर दिन सामने आते धोखेबाजी के किस्से बताते हैं कि अनजान चेहरों से जज्बाती तौर पर जुड़ने के मामले में सजगता बरतनी आवश्यक है।

### ऐसे बचें धोखाधड़ी से

- कभी निजी जीवन की चर्चा ना करें।
- अनजान लोगों के साथ चैटिंग करने से बचें।
- भावनात्मक-पारिवारिक कमजोरियों का जिक्र कभी ना करें।
- तस्वीरें शेयर करते समय अवेयर रहें।
- वर्चुअल फ्रेंड्स से पर्सनली मिलने की जानकारी अपनों को भी दें।
- जालसाजी में फंस जाएं तो फैमिली मेंबर्स को बताने में देरी न करें।
- अपनी या परिजनों की लोकेशन कभी साझा न करें।

# पॉजिटिव सोच के साथ करें हर नए दिन की शुरुआत

अगर आप रोज सुबह पॉजिटिव रहें तो आपका हर दिन ऊर्जा से भरपूर रहेगा। हम बता रहे हैं कुछ सरल लेकिन प्रभावशाली उपाय, जो हर सुबह को आशावादी, ऊर्जावान और सार्थक बना सकते हैं।

लाइफस्टाइल

अनीता जैन



हर सुबह हमारे जीवन में एक नया अवसर लेकर आती है- नई ऊर्जा, नई उम्मीद और एक नई दिशा चुनने का संकल्प। जिस प्रकार सूरज हर दिन नई रोशनी के साथ उदित होता है, ठीक वैसे ही हर व्यक्ति को हर सुबह अपने जीवन में सकारात्मकता का प्रकाश भरने का अवसर मिलता है। जीवन की सफलता और मानसिक शांति इस बात पर निर्भर करती है कि हम दिन की शुरुआत किस भाव, सोच और दृष्टिकोण के साथ करते हैं? अगर सुबह की शुरुआत सकारात्मक विचारों, आत्मविश्वास और आभार की भावना के साथ की जाए तो न केवल वह दिन बल्कि जीवन की दिशा भी बदल सकती है।

**हर सुबह एक वरदान है:** इसमें कोई संदेह नहीं कि हर सुबह हमारे लिए किसी वरदान की तरह होती है। अगर हम इसे मुस्कान, आशा और उद्देश्य के साथ अपनाएं, तो हर दिन सफलता और सुख की ओर पहला कदम बन सकता है। हमारे विचार, हमारी दिनचर्या और हमारी सोच ही अंततः हमारे भविष्य का निर्माण करती है। इसलिए जरूरी है कि हम दिन की शुरुआत सही सोच के साथ करें।

**सुबह जल्दी जगें:** धार्मिक ग्रंथों में ही नहीं स्वास्थ्य शास्त्रों में भी 'ब्रह्म मुहूर्त' में जागने की महत्ता बताई गई है। सुबह जल्दी उठने से हमें स्वयं के साथ कुछ शांत पल बिताने का अवसर मिलता है। दिन भर की भाग-दौड़ से पहले यह समय आत्मनिरीक्षण और सकारात्मक ऊर्जा को प्राप्त करने का सबसे अच्छा माध्यम है। लेकिन सुबह जल्दी उठकर मोबाइल देखने की बजाय आंख खुलते ही कुछ गहरी सांस लें और ईश्वर को धन्यवाद दें कि उनकी कृपा से आपको एक और दिन मिला है।

**सकारात्मक विचारों को दोहराएं:** दिन की शुरुआत सकारात्मक विचारों से करें। आप अपने लिए कुछ प्रेरणादायक वाक्य दोहरा सकती हैं जैसे- 'आज का दिन मेरे लिए शुभ है।', 'मैं हर परिस्थिति में शांत और संतुलित रहूंगी।', 'हर चुनौती मुझे और बेहतर बनाएगी।', 'हे ईश्वर! मुझसे कोई गलत काम न हो।' ऐसा आत्म-संवाद मन को नई ऊर्जा और आत्मविश्वास से भर देता है। धीरे-धीरे यह अभ्यास हमारी सोच को सकारात्मक दिशा देने लगता है।

**कृतज्ञता का भाव रखें:** कई बार हम जो कुछ हमारे पास है, उसकी कद्र नहीं करते और जो नहीं है, उसके लिए दुखी रहते हैं। लेकिन अगर हम हर दिन यह सोचें कि हमारे पास क्या-क्या अच्छा है- जैसे परिवार, स्वास्थ्य, भोजन, घर- तो एक संतोष का भाव उत्पन्न होता है। यह कृतज्ञता जीवन को सकारात्मक दृष्टि से देखने की आदत बनाती है।



### करें ध्यान-प्राणायाम

कुछ मिनटों का ध्यान और प्राणायाम हमारी मानसिक स्थिति को बेहतर करता है। यह शरीर को शुद्ध प्राणवायु प्रदान करता है और मन को शांत करता है। जब मन शांत होता है, तो हम परिस्थितियों को अधिक स्पष्टता और सकारात्मकता के साथ देख पाते हैं। मानसिक एकाग्रता बढ़ती है और दिन भर के कार्यों में उत्साह बना रहता है।

**सकारात्मक संदेश पढ़ें या सुनें:** अखबार, पुस्तक के किसी सकारात्मक आध्यात्मिक विचार से दिन की शुरुआत करने से मन पर गहरा प्रभाव पड़ता है। सुबह-सुबह किसी भी प्रकार की नकारात्मकता से बचते हुए, कोई प्रेरणादायक लेख, जीवनियों का अंश या धार्मिक ग्रंथ का श्लोक पढ़ना सकारात्मकता को बढ़ाता है। इसी तरह सकारात्मक भक्ति गीत या मंत्र भी मन को ऊर्जा प्रदान करते हैं।

**दूसरों को दें शुभकामनाएं:** अपने घरवालों को मुस्कराकर 'सुप्रभात' कहें, छोटे से संदेश से दूसरों का दिन भी बेहतर बनाया जा सकता है। जब हम दूसरों को शुभकामनाएं देते हैं या उनके लिए अच्छा सोचते हैं, तो वही ऊर्जा हमारे जीवन में भी लौटती है।

# शादी के बाद जब बेटा-बहू रहना चाहें अलग

अगर बेटे की शादी के बाद बहू से आपकी नहीं निभ रही है, घर में कलह का माहौल रहता है तो बेहतर यही होगा कि बेटे-बहू को अलग रहने की इजाजत दे दें। यह दोनों के हित में है।

सलाह

नम्रता नदीम



अमित की शादी हुई तो पत्नी नमिता ने कुछ ही महीने बाद अलग रहने का डिसीजन ले लिया। नमिता को शिकायत थी, सास का बिहेवियर बहुत बुरा रहता है। वह बात-बात पर टोकती हैं। नमिता को अपने जीवन में सास की जरा-सी भी दखलअंदाजी पसंद नहीं थी। एक महीने तो किसी तरह नमिता ने सास के साथ एडजस्ट किया, लेकिन दो महीने के बाद ही वह अमित के साथ अलग किराए का घर लेकर रहने लगी।

**बहू को चाहिए आजादी:** यह देखा जा रहा है, नई नवेली दुल्हन जो आजाद ख्याल की होती है, उसे अपने जीवन में सास-ससुर का हस्तक्षेप बिल्कुल बर्दाश्त नहीं होता। वह उनसे अलग रहना चाहती है। यहां यह समझने वाली बात है कि अगर सास-ससुर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हैं, घर में उनका ख्याल रखने के लिए दूसरे सदस्य हैं तो उन्हें अपने बेटे के सुखी दांपत्य जीवन के लिए अलग रहने का निर्णय स्वीकार लेना चाहिए। बेटे की शादी के बाद अगर उसकी पत्नी और पैरेंट्स के बीच खींचतान रहती है, घर में कलह का माहौल रहता है, ऐसे में समझदारी यही है कि वे अलग जाकर रहें। शादी के बाद अगर बहू अलग रहना चाह रही है तो माता-पिता दुखी, परेशान न हों। बेटे के घर से अलग रहने में कोई बुराई नहीं है। इसकी चिंता न करें कि कौन क्या कहेगा?

**व्यावहारिक सोच रखें:** बेटे-बहू के अलग रहने की बात से कई लोग असहमत हो सकते हैं। उनका तर्क हो सकता है कि बेटे की शादी हम किसलिए करते हैं, ताकि परिवार में सब लोग मिलकर एक-दूसरे के साथ प्यार से रहें। यह उन घरों के लिए तो सही होता है, जहां बहू का मन सास-ससुर के साथ रहने, उनकी सेवा करने और उनके साथ एडजस्टमेंट करने का होता है। लेकिन जिन लड़कियों की सोच सास-ससुर से अलग घर लेकर पति के साथ रहने की होती है, तो इसे स्वीकार कर लेना चाहिए। बहू को सास-ससुर के साथ अगर घर में रहने से तनाव रहता है, बेटे की शादीशुदा जिंदगी पर ही नहीं बल्कि परिवार के बाकी सदस्यों पर भी इसका बुरा असर पड़ रहा है, बेटे-बहू इतना कमाते हैं कि वो आराम से बाहर किराए पर घर लेकर रह सकते हैं तो उन्हें अलग रहने की इजाजत दे देनी चाहिए। इस मामले में व्यावहारिक सोच रखें।

**एक-दूसरे को करें सपोर्ट:** अलग रहने पर अगर बेटे-बहू खुश हैं तो आपको भी खामोशी से अपनी खुशी की राह तलाश लेनी चाहिए। इसमें दोनों तरफ से एक-दूसरे को सहयोग देने की भावना होनी चाहिए। अपने सुख-दुख बांटें, सुबह-शाम फोन पर बात करें। जब जरूरी हो, एक-दूसरे को इमोशनल सपोर्ट दें। जब भी एक-दूसरे को उनकी जरूरत हो तो साथ जाकर रहें। इससे संबंध हमेशा बने रहेंगे।

**मदद लेने में न हिचकें:** यह कभी नहीं भूलें कि बेटे और बहू के साथ आपका करीबी रिश्ता है। एक-दूसरे के प्रति अधिकार और कर्तव्य इसमें इनबिल्ट है यानी, माता-पिता के सामने अगर कोई समस्या आती है, तो वे अपने बच्चों से मदद लेने में संकोच न करें और बेटा-बहू को भी अगर माता-पिता के मानसिक या फाइनेंसियल सपोर्ट की जरूरत है तो वे भी उनसे खुल कर कहें। याद रखें, आपने बेटे-बहू को अलग रहने की आजादी दी है, तो इस बदलाव को मन से स्वीकार करें, इसी में सबकी खुशी है।

**रह सकते हैं साथ भी:** जरूरी नहीं बहू-बेटा अपनी आजादी के लिए कहीं दूसरी जगह जाकर रहें। अगर आपको अपने बेटे से या आपके बेटे को आपसे ज्यादा लगाव है तो आप साथ में रह कर भी बेटे-बहू को पूरी आजादी दे सकते हैं।

**बनाए रखें रिश्ता:** बेटे के अलग हो जाने के बाद भी उससे रिश्ते बनाकर रखें। बेटे को पूरा सहयोग दें ताकि वह अपनी पत्नी के साथ अच्छी बॉन्डिंग बना सके। बेटा-बहू अलग रहते हैं, इसके बावजूद सभी लोग समय-समय पर एक-दूसरे से मिलते-जुलते रहें।

# उमस भरी इस गर्मी में बनी रहेगी ग्लोइंग स्किन

स्किन केयर

चेतना झा



मौसम का हर दौर त्वचा और बालों के लिए अलग तरह की केयर की मांग करता है। बारिश के साथ होने वाली उमस भरी गर्मी के इन दिनों के मौसम में भी अपनी स्किन केयर रूटीन को मौसम के अनुकूल करना चाहिए।

**सीटीएम:** सीटीएम यानी क्लीनिंग, मॉयश्चराइजिंग एंड टोनिंग, इस मौसम में त्वचा की देखभाल का मूलमंत्र है। ऐसी गर्मी में स्किन की क्लीनिंग के लिए हल्के जैल क्लींजर और जैल बेस्ड ही मॉयश्चराइजर का उपयोग करें। लाइट मॉयश्चराइजर आपके पोर्स को बंद नहीं करेंगे।

**एसपीएफ रेंज:** इस सीजन में भी घर से बाहर निकलने से पहले सनस्क्रीन लगाना जरूरी है, लेकिन सनस्क्रीन का एसपीएफ कितना हो यह जानना भी जरूरी है। यूरोपियन एकेडमी ऑफ डर्मेटोलॉजी एंड वेनेरोलॉजी और अमेरिकन एकेडमी ऑफ डर्मेटोलॉजी की सलाह के अनुसार सनस्क्रीन एसपीएफ 30 से कम नहीं होना चाहिए।

**जब निकले पसीना:** बाहर अधिक समय रहने, अधिक काम करने या वर्कआउट के बाद पसीना आना स्वाभाविक है। पसीना आने से रोम छिद्रों में तेल और गंदगी जाने की आशंका होती है, इसलिए पसीने के बाद त्वचा की साफ-सफाई का खास ध्यान रखें। इससे रोमछिद्र बंद होने से बचाव होता है। पसीने से भीगी ड्रेस को दुबारा पहनने से पहले साफ जरूर करें।

**शावर जरा कम:** अधिक देर पानी में रहने से शरीर का नेचुरल ऑयल कम हो जाता है और स्किन में ड्रायनेस की समस्या आ जाती है। हॉट शावर लेने की आदत से समस्या और बढ़ जाती है। इस मौसम में दो बार से अधिक नहीं नहाएं और दस मिनट से अधिक शावर न लें।

**इनका भी रखें ध्यान:** गर्मियों में अधिक तापमान, पसीने आदि की वजह से रोम छिद्र खुल जाते हैं। बाहर निकलने पर हाथों पर लगी गंदगी, तेल आदि के संपर्क में जब ये खुले रोम छिद्र आते हैं तो एक्ने की समस्या बढ़ जाती है। इसलिए चेहरे की त्वचा के साथ हाथों की सफाई पर भी खास ध्यान दें। एक्ने की समस्या हो तो सैलिसिलिक एसिड युक्त या यूकेलिप्टस बेस्ड क्लींजर का इस्तेमाल करें। हयालूरोनिक एसिड और ग्लिसरीन युक्त मॉयश्चराइजर लगाएं। टोनर लाइट और हाइड्रेटिंग हो। एसपीएफ 50 का सनस्क्रीन धूप में निकलने से करीब 20-30 मिनट पहले चेहरे और शरीर के दूसरे खुले हिस्से में लगाएं।

**(डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ. सरोज राय से बातचीत पर आधारित)**

# ऐसे करें बच्चों की डेंटल केयर

आप अपने बच्चों की हेल्थ का ध्यान रखने में कोई लापरवाही नहीं बरततीं, लेकिन क्या उनके दांतों की देखभाल भी अच्छी तरह से करती हैं? यहां बताई जा रही बातों को फॉलो करें, इससे बच्चों को कोई डेंटल प्रॉब्लम नहीं होगी।

ओरल हेल्थ

संध्या रानी



अधिकतर बच्चों को चॉकलेट, टॉफी, स्वीट्स, कुकीज खाना और कोल्ड ड्रिंक पीना बेहद पसंद होता है। कई पैरेंट्स अपने बच्चों से किसी बात को मनवाने के लिए चॉकलेट या टॉफी देने का लालच बार-बार देते हैं। मेहमान या रिलेटिव्स भी जब घर आते हैं तो ज्यादातर बच्चों के लिए टॉफी, चॉकलेट, केक, कोल्ड ड्रिंक ही लेकर आते हैं। इससे बच्चों में मीठा खाने की लत लग जाती है। ज्यादा मीठा खाने से उनके दांतों में इंफेक्शन हो जाता है, उसमें दर्द रहने लगता है, गम्स में सूजन या दांतों में सड़न भी हो सकती है।

**दांतों में सड़न के कारण:** चॉकलेट, स्वीट्स, कुकीज, टॉफी और कोल्ड ड्रिंक में शुगर की मात्रा अधिक होने के कारण ये सब बच्चों के लिए नुकसानदायक होते हैं। चॉकलेट चिपचिपी होने की वजह से दांतों में फंस जाती है। इससे दांतों में बैक्टीरिया पैदा हो जाते हैं, क्योंकि आमतौर पर बच्चे चॉकलेट खाने और कोल्ड ड्रिंक पीने के बाद पानी से कुल्ला नहीं करते हैं। इससे दांतों में कैविटी और सड़न भी पैदा होने लगती है। चॉकलेट अधिक खाने से दांत की ऊपरी लेयर सॉफ्ट हो जाती है, जिससे कैविटी बनने की संभावना बढ़ जाती है। इतना ही नहीं चॉकलेट अधिक खाने से दांत पीले हो जाते हैं और प्लॉक बन जाता है। कोल्ड ड्रिंक में एसिड होने के कारण दांतों की जड़ों को भी बहुत नुकसान पहुंचता है। यह दांत में कैल्शियम की मात्रा कम कर देता है, जिससे दांतों की सड़न और मसूड़ों में सूजन होने की संभावना बढ़ जाती है। मसूड़े में सूजन की वजह से बैक्टीरिया बढ़ जाते हैं और दांतों में कीड़े भी लग सकते हैं। इससे दूसरे दांतों में भी कीड़ा लगने का खतरा बढ़ जाता है। जो नए दांत निकलने वाले होते हैं, उस पर भी बुरा प्रभाव पड़ सकता है। इस वजह से नए दांत आड़े-तिरछे निकलते हैं। इसके अलावा अधिक चॉकलेट खाने से बच्चों में चिड़चिड़ापन और नींद की समस्या भी उत्पन्न हो सकती है।

**कराएं प्रॉपर डेंटल चेकअप:** अगर बच्चे के दांतों में लंबे समय तक कोई समस्या हो तो जल्द से जल्द दांतों के डॉक्टर के पास जाकर चेकअप और ट्रीटमेंट करवाना चाहिए। समय पर इलाज नहीं किया जाए तो दांतों से जुड़ी बीमारी या सड़न उसके अंदरूनी हिस्से तक पहुंच सकती है। इससे दांत पूरी तरह खराब हो सकते हैं, जिन्हें निकलवाना भी पड़ सकता है।



**पैरेंट्स सावधानी बरतें:** आठ-दस साल से कम उम्र के बच्चे नासमझ होते हैं। उन्हें अच्छे और बुरे का ज्ञान नहीं होता है, तो स्वाभाविक है कि उनके लिए माता-पिता को ही विशेष ध्यान रखना होगा। बच्चों को चॉकलेट खाना पसंद होता है, लेकिन इसे ज्यादा खाना कितना हार्मफुल हो सकता है, इसकी जानकारी उन्हें नहीं होती है। इस बारे में पैरेंट्स को उन्हें समझाना चाहिए। बच्चों को प्यार से समझाएं कि ज्यादा मीठा और चॉकलेट खाने से आपके दांत खराब हो जाएंगे तो आपको डॉक्टर से इंजेक्शन लगवाना होगा। आप खाना भी नहीं खा पाएंगे। अगर खाना ठीक तरह से नहीं खाएंगे तो मजबूत कैसे बनेंगे? ऐसा नहीं है कि बच्चों को चॉकलेट और मीठी चीजें बिल्कुल देना ही बंद कर दें। लेकिन मीठा खाने के बाद उनकी दांतों की साफ-सफाई पर भी जरूर ध्यान दें। अपने बच्चे को मिल्क चॉकलेट की जगह डार्क चॉकलेट दें, क्योंकि इसमें शुगर की मात्रा कम होती है। इसके साथ ही बच्चों को दिन में दो बार ब्रश जरूर कराएं। एक बार सुबह और दूसरी बार रात में खाने के बाद।

**(डेंटिस्ट डॉक्टर अमृत कश्यप से बातचीत पर आधारित)**

## खबर संक्षेप



रेवाड़ी। स्वर्ग आश्रम में पौधा लगाते हुए।

### ढालियावास स्वर्ग आश्रम में किया पौधरोपण

**रेवाड़ी।** सोमवार को धम्म भूमि श्रेष्ठ जीवन के लिए एक आंदोलन के भंते धम्म शील के सानिध्य में भगत सिंह बोद्ध ने अपनी माता गेंदी देवी की स्मृति में स्वर्ग आश्रम ढालियावास में एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत आम का पौधा रोपित किया। उन्होंने कहा कि यह पौधा न केवल उनकी यादों को सहेजगा, बल्कि आने वाले समय में फल, छांव, जीवन और प्रेरणा देता रहेगा।

### हीरोमोटो कॉर्प में लगेगा मेगा रक्तदान कैंप

**रेवाड़ी।** रोटरी वर्ष 2025-26 के प्रथम दिन रोटरी क्लब ऑफ रेवाड़ी मेन की ओर से हीरोमोटो कॉर्प धारूहेड़ा में विशाल रक्तदान का आयोजन किया जाएगा। क्लब की अध्यक्ष नेहा शर्मा ने बताया कि इस रोटरी वर्ष में क्लब रक्तदान, अंगदान, साक्षरता, बालिकाओं के लिए सर्वाइकल टीकाकरण पर फोकस रखेगा। उन्होंने बताया कि रोटरी वर्ष में 3000 यूनिट रक्त एकत्रित करने का लक्ष्य भी रखा है। रक्तदान के प्रोजेक्ट चेयरमैन नवीन अदलखा ने बताया कि रोटरी क्लब के पिछले 50 वर्षों के इतिहास में यह सबसे बड़ा रक्तदान शिविर होगा।

### माली टिब्बा में सुंदरकांड पाठ आज

**नारनौल।** श्री मेहंदीपुर बालाजी मित्र मंडल के तत्वावधान में मंगलवार रात को माली टिब्बा में प्रेमचंद सैनी व नरेश सैनी के निवास स्थान पर सुंदरकांड पाठ किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए मंडल के सदस्य तरुण सोनी ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल के प्रधान महावीर प्रसाद अग्रवाल करेंगे।

### अटेली में हनुमान जी का रोट आज

**मंडी अटेली।** हनुमान जी का रोट एक जुलाई को नारनौल-रेवाड़ी पर अटेली के ओम मैरिज प्लेस में किया जा रहा है। जानकारी देते हुए डॉ. रणपाल ने बताया कि सुबह सवा सात बजे हवन किया जाएगा। उसके बाद सवा 10 से प्रसाद वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में क्षेत्र के लोग बाबा का प्रसाद ग्रहण करेंगे।

### कांटी धाम में होंगे भंडारा व भजन कीर्तन

**मंडी अटेली।** बाबा गणेश दास जी महाराज की पुण्यतिथि पर प्राचीन मंदिर कांटी धाम में भंडारा दो जुलाई एवं भजन कीर्तन एक जुलाई की रात्रि को जाएंगे। ठाकुर जी मंदिर सेवा समिति ट्रस्ट के सचिव अनिरुद्ध ने बताया कि एक जुलाई को रात्रि को सवा नौ बजे भजन कीर्तन आयोजित किए जाएंगे, जबकि दो जुलाई को बाबा का भंडारा सवा प्रातः 11 बजे से आयोजित किया जाएगा।

### फिरनी से क्षेत्र के पांच गांवों के लोगों के आवागमन का रास्ता है

# धारूहेड़ा की फिरनी में अवैध पार्किंग बनी आफत, सोमवार शाम को जाम में फंसे वाहन

### वाहन चालकों को जाम से निकलने के लिए घंटों तक इंतजार करना पड़ा

हरिभूमि न्यूज. धारूहेड़ा

धारूहेड़ा की फिरनी में अवैध रूप से हो रही वाहनों की पार्किंग से रोजाना आवागमन बाधित रहता है, जिससे नागरिकों को निकलने में परेशानी उठानी पड़ रही है। लोगों ने एसपी से सड़क पर गाड़ी खड़े करने वाले वाहन चालकों का चालान करने व वाहनों को जब्त करके समस्या का समाधान कराने की मांग की है। सोमवार शाम को फिरनी में अवैध पार्किंग वजह से वाहनों का लंबा जाम लग गया। वाहन चालकों को जाम से निकलने के लिए घंटों तक इंतजार करना पड़ा। धारूहेड़ा की फिरनी की पर अवैध रूप से बनी झील मार्केट व बक्शी मार्केट के वाहन के अलावा काफी संख्या में ऑटो खड़े रहते हैं। फिरनी से क्षेत्र के पांच गांवों के लोगों के आवागमन का रास्ता है तथा यह मार्ग राजस्थान को भी जोड़ता है। किसानों को मार्ग से ट्रैक्टर लेकर गुजरना भारी पड़ रहा है। आसपास की मार्केट के दुकानदार सुबह ही अपनी गाड़ियों को फिरनी में खड़ा करके चले जाते हैं और यह वाहन शाम तक फिरनी पर ही खड़े रहते है। सोमवार शाम को जाम की स्थिति बनी रहीं। इसके अलावा सोहना रोड, दिल्ली रोड व नंदरामपुर बास रोड पर दुकानदारों की ओर से सड़क पर समान रखकर अतिक्रमण करने से रास्ता सिकुड़ गया है, जिससे वाहनों चालकों को जाम से जूझना पड़ता है। लोगों ने प्रशासन से समस्या का समाधान करने की मांग की है।





रेवाड़ी। धारूहेड़ा की फिरनी में सोमवार शाम को लगा जाम। व फिरनी में जाम से लगी वाहनों की कतार।





रेवाड़ी। नशा मुक्ति केंद्र में सर्च अभियान चलाते हुए एनसीबी टीम।

## एनसीबी टीम ने स्नीफर डॉग के साथ नशा मुक्ति केंद्र में चलाया तलाशी अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा स्टेट नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की जिला यूनिट की ओर से सोमवार को जिले के प्रमुख नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र पर सघन तलाशी अभियान चलाया गया। एनसीबी की ओर से प्रदेश भर में नशा तस्करों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई के साथ-साथ जनजागरण अभियान जारी हैं। एनसीबी जिला यूनिट के प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार के नेतृत्व में एएसआई अनिल कुमार, एएसआई अनील कुमार और ईएचसी दीपक अभियान में शामिल रहे। तलाशी अभियान का मुख्य उद्देश्य था कि पुनर्वास केंद्र में किसी भी प्रकार की मादक पदार्थों की मौजूदगी न हो और उपचार के लिए आने वाले मरीजों को एक सुरक्षित, स्वच्छ और नशामुक्त वातावरण मिल सकें। अभियान के दौरान परिसर के प्रत्येक कोने की गहनता से जांच की गई। इस प्रक्रिया में प्रशिक्षित स्नीफर डॉग ऑस्कर की सहायता ली गई। यूनिट इंचार्ज नीरज कुमार ने कहा कि हरियाणा को नशे के जाल से मुक्त करना एनसीबी का प्राथमिक लक्ष्य है। यह सिर्फ एक पुलिस अभियान नहीं, बल्कि एक सामाजिक आंदोलन है, जिसमें हर नागरिक की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि यदि आमजन को नशा बेचने या सेवन से संबंधित कोई भी गतिविधि दिखाई दे तो वे तुरंत टोल फ्री नंबर 1933, एनसीबी मानस पोर्टल या 90508-91508 पर सूचना दें।

## भाविप ने नागरिक अस्पताल में लगाया वाटर कूलर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

भारत विकास परिषद शाखा ने सोमवार को वरिष्ठ सदस्य एवं समाजसेवी रमेश सचदेवा के सहयोग से नागरिक अस्पताल में वाटर कूलर स्थापित किया। सिविल सर्जन डॉ. नरेंद्र दहिया एवं पीएमओ डा. सुरेन्द्र यादव ने वाटर कूलर को शुभारंभ किया। इस मौके पर सिविल सर्जन ने भारत विकास परिषद संस्था का आभार जताया। पीएमओ डा. सुरेन्द्र यादव ने कहा कि समय-समय सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से जरूरतमंदों की मदद होती है। इस मौके पर भारत विकास परिषद के शाखा अध्यक्ष दिनेश सैनी, सचिव रामकिशोर, डा. जोगिंदर तंवर, डा. अशोक रंगा, डा. दीपक वर्मा, डा. अभिषेक, डा. इंद्रजीत, यूटिलिटी कोर्ट मेंबर जयप्रकाश, सेवा भारती से नरेंद्र, तेजभान कुकरेजा, भाविप से डा. आर बी यादव, डा. प्यारेलाल व मनीष एडवोकेट मौजूद थे।




रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद सिविल सर्जन व भाविप के सदस्य।

### अधिकारियों ने की अनाजमंडी के गेट पर पानी के रिसाव की जांच

**कोसली।** कोसली अनाज मंडी गेट पर जलभराव की समस्या को लेकर सोमवार को जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ अनिल स्वामी व कनिष्ठ अभियंता आबिद हुसैन ने मौके पर पहुंचकर जमा हो रहे पानी के रिसाव की जांच की। जांच के बाद एसडीओ ने बताया कि विभाग की ओर से अभी हाल ही में यहां पेयजल के लिए लोहे की नई पाइप लाइन डाली गई है, जिसमें से रिसाव संभव नहीं है। जेई आबिद हुसैन ने बताया कि पेयजल की पुरानी लाइन में आपूर्ति बंद की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि मंगलवार प्रातः पेयजलापूर्ति लाइन की सप्लाई शुरू कराकर जांच की जाएगी।

## एनसीआर में पटाखों के उत्पादन भंडारण बिक्री और फोड़ने पर लगाया गया प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सर्वोच्च न्यायालय की ओर से पारित आदेश के तहत हरियाणा प्रदेश के एनसीआर क्षेत्र में जनहित में सभी प्रकार के पटाखों के उत्पादन, भंडारण, बिक्री (ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से डिलीवरी सहित) व फोड़ने पर प्रतिबंध लगाया गया है। यह आदेश हरियाणा सरकार के पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से जारी किए गए हैं। आदेश का किसी भी प्रकार से उल्लंघन होता है तो आमजन प्रशासन को शिकायत भी कर सकता है। जिलाधीश एवं डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि जिले में सभी को इस आदेश का सख्ती से पालन करना होगा। डीसी ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारियों को हिदायत दी है कि वे नियमित रूप से वायु की गुणवत्ता की निगरानी रखें। डीसी मीणा ने कहा कि पटाखों से संबंधित नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के लिए उपमंडल स्तर पर शिकायत निवारण कमेटियों का गठन किया गया है। ये कमेटियां पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री या उपयोग से संबंधित शिकायतों पर कार्रवाई करेंगी। उन्होंने आमजन से भी पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी के लिए प्रशासन द्वारा जारी प्रतिबंध का पालन करते हुए सहयोग करने की अपील की है। डीसी मीणा ने बताया कि नागरिक पटाखों पर प्रतिबंध के उल्लंघन के बारे में शिकायत के लिए ईमेल एचएसपीसीबी@जीमेल.कॉम, ट्विटर (एक्स) हैंडल एक्स.कॉम/आरओ_आरईडब्ल्यू_एचएसपीसीबी व कार्यालय क्षेत्रीय अधिकारी हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड रेवाड़ी और संबंधित एसडीएम कार्यालय में शिकायत दर्ज करा सकते है।



रेवाड़ी। डीसी अभिषेक मीणा।



रेवाड़ी। सेमिनार में मौजूद जिले के कोच व खिलाड़ी।

## ताइक्वांडो के कोच और खिलाड़ियों ने नेशनल रेफरी सेमिनार में दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रेवाड़ी ताइक्वांडों संघ के कोच व खिलाड़ियों ने पानीपत के समालखा में आयोजित नेशनल रेफरी सेमिनार में भाग लिया। जिले से जनरल सेक्रेटरी पवन चौधरी ने सेमिनार में जिले के कोच व खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया और अपने कौशल व ज्ञान को बढ़ाया। सेमिनार में भाग लेने वाले प्रतिभागियों में ललित मोहन, दीपक हरितास, छतरपाल, विवेक और पवन चौधरी शामिल थे। पवन चौधरी ने कहा कि सेमिनार में भाग लेने के बाद खिलाड़ी जिले के ताइक्वांडो को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। उन्होंने हरियाणा वेलफेयर ताइक्वांडों स्पोर्ट्स एसोसिएशन का भी धन्यवाद किया।

## छात्रा मीनू का जेएनवी में हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

प्रथम इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा मीनू ने अपनी मेहनत, लगन और कड़ी तैयारी के दम पर उपलब्धि हासिल की है। मीनू का चयन प्रतिष्ठित जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ है, जो कि ग्रामीण प्रतिभाओं के लिए देश के श्रेष्ठ आवासीय विद्यालयों में से एक माना जाता है। मीनू ने अपने माता-पिता, विद्यालय परिवार और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। मीनू ने अपनी सफलता का श्रेय स्कूल की प्रधानाचार्य कृष्णा यादव सहित सभी शिक्षकों को दिया है। विद्यालय के निदेशक उत्तम सिंह व प्रधानाचार्य कृष्णा यादव ने मीनू कहा कि मीनू शुरू से ही पढ़ाई में होनहार रही है और उसका आत्मविश्वास हमेशा ऊंचा रहा है। उन्होंने कहा कि मीनू की इस सफलता से विद्यालय के अन्य बच्चों को भी प्रेरणा मिलेगी। स्कूल के एमडी हिमांशु यादव ने कहा कि मीनू ने अपने समर्पण और अनुशासन से यह सिद्ध कर दिया कि लक्ष्य को पाने के लिए केवल संसाधनों की नहीं, बल्कि इच्छाशक्ति और निरंतर प्रयास की आवश्यकता होती है। इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन ने मीनू को सम्मानित किया और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




रेवाड़ी। छात्रा मीनू को सम्मानित करते हुए स्कूल प्रबंधन।

## पूर्व मंत्री राव रामनारायण को जयंती पर किया याद

**कोसली।** कोसली निवासी पूर्व मंत्री राव रामनारायण की 112वीं जयंती पर हरदेव जोहड़ पर स्थित पार्क में हवन का आयोजन किया गया, जिसमें गांव के गणमान्य लोगों ने भाग लेकर उन्हें याद किया। कोसली के विकास में राव रामनारायण का विशेष योगदान रहा है। उन्होंने बतौर प्रशासनिक अधिकारी से लेकर मंत्री पद पर होते हुए क्षेत्र में अनेक समाजसेवा के कार्य किए। विशेषकर कोसली उपमंडल में उन्होंने शिक्षा की अलख जगाई। डीएवी गर्ल्स कॉलेज की स्थापना के लिए उन्हें हमेशा याद किया जाता है। इस मौके पर अनिल पंच, ओमप्रकाश डाबला, सतबीर पंच, धर्मबीर, राजसिंह आर्य, प्रीतम सिंह, संतलाल, धर्मू, कैप्टन सर्वसुख व धर्म सिंह सहित ग्रामीण मौजूद थे। ग्रामीण क्षेत्रिय एजूकेशन सोसायटी की ओर से भी डीएवी गर्ल्स कॉलेज परिसर में स्थित राव राम नरायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।



रेवाड़ी। राव राम नारायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते सोसायटी के सदस्य।

### आईजीयू में प्रोफेसर मंजू परुथी को सेवानिवृत्ति पर स्टाफ ने दी भावपूर्ण विदाई

### प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र एवं छात्राओं को 21000 रुपये देने की घोषबा की

# गुरू का कर्तव्य केवल पढ़ाना नहीं, बल्कि शिष्य का सर्वांगीण विकास करना होताः दिलबाग सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के गणित विभाग में 37 वर्षों की सेवा करने के उपरांत प्रोफेसर मंजू परुथी को सेवानिवत्त होने पर सोमवार को विश्वविद्यालय परिवार एवं टीचिंग एसोसिएशन की ओर से भावपूर्ण विदाई दी गई। विश्वविद्यालय के गणित विभाग की ओर से सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर दिलबाग सिंह ने की। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ के सदस्य, पूर्व छात्र, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रोफेसर मंजू के परिवार से उनकी बड़ी बहन ललिता मलिक, भाई कपिल, भाभी समृद्धि और छोटी बहन सहित परिवार के अन्य सदस्य शामिल थे। गणित विभाग की ओर से प्रो. मंजू परुथी को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। विश्वविद्यालय की नॉन टीचिंग एसोसिएशन के प्रधान हनुमंत सिंह ने स्टाफ की तरफ से प्रोफेसर परूथी को बधाई दी। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डा. विपुल यादव ने भी उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। योग विभाग की तरफ से डा. जयपाल सिंह एवं वाणिज्य विभाग से प्रोफेसर तेज सिंह ने अपने विचार रखें। इसके अलावा अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर करण सिंह, विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी अनिल कुमार, गणित विभाग से डा. राजेंद्र एवं डा. सतीश खुराना ने अपनी यादें साझा की। प्रबंधन विभाग से डा. भारती ने भी अपने विचार रखें। नॉन टीचिंग सदस्य हुकम सिंह ने अपनी शुभकामनाएं दी। गणित विभाग के पूर्व छात्रों में उपस्थित डा. नवीन अदलखा ने विश्वविद्यालय के विकास में प्रोफेसर मंजू के योगदान को याद किया। इस मौके पर कुलसचिव प्रोफेसर दिलबाग सिंह ने कहा कि गुरू का कर्तव्य केवल पढ़ाना नहीं होता, बल्कि शिष्य का सर्वांगीण विकास करना होता है और यह गुण प्रोफेसर मंजू में भरपूर मात्रा में उपस्थित रहा। प्रोफेसर मंजू विश्वविद्यालय में रजिस्ट्रार,अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डीन एकेडमिक अफेयर्स जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रही। प्रोफेसर मंजू के 60 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं एवं उनके मार्गदर्शन में 10 शोधार्थी अपनी पीएचडी पूरी कर चुके हैं। मंच संचालन गणित विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डा. महावीर बड़क ने किया। टीचिंग संगठन की प्रेसिडेंट प्रोफेसर सविता श्योराण एवं अधिष्ठाता शैक्षणिक मामले प्रोफेसर सुनील कुमार ने प्रोफेसर परूथी का स्वागत किया। प्रोफेसर मंजू के साथ उनके पति डा. हरीश नारंग भी उपस्थित थे। टीचिंग एसोसिएशन की सचिव डा. ममता अग्रवाल ने सभी का धन्यवाद किया। शिक्षाविद एवं विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र डा. नवीन अदलखा ने गणित विभाग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रत्येक छात्र एवं छात्राओं को 21000 का नकद पुरस्कार देने की भी घोषणा की।



रेवाड़ी। सेवानिवृत्ति पर प्रो. मंजू परुथी का सम्मान करते स्टाफ। फोटोः हरिभूमि



रेवाड़ी। माता के मंदिर में कीर्तन करते हुए श्रृद्धालु।

## कांगड़ा वाली माता मंदिर में भजन संध्या का आयोजन

**रेवाड़ी।** मोहल्ला बास सिताब राय स्थित प्राचीन सिद्धश्री नगरकोट कांगड़ा वाली माता मंदिर में भजन संध्या का आयोजन किया गया। श्रृद्धालुओं ने भजनों के माध्यम से माता की महिमा का गुणगान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही। नीलम कौशिक कीर्तन मंडली ने माता रानी के मनमोहक भजनों से समां बांधा। बुजुर्ग सोमदत्त अग्रवाल ने बताया कि मंदिर की स्थापना करीब 150 साल पहले हुई थी।

**सूचना**

मैं, अजीत पुत्र रतीराम निवासी गांव गुजरवास तह कोसली जिला रेवाड़ी बयान करता हूं कि मेरी सगी बेटी त्रिपती का नाम आधार कार्ड में अंग्रेजी में TEERPATI व ग्रुप लाडली योजना में TIRPATI दर्ज है जबकि उसका सही व वास्तविक नाम TRIPATI है जो कि उसके शैक्षणिक रिकार्ड में भी दर्ज है। उपरोक्त सभी नाम मेरी एक ही बेटी के हैं। यह सूचना उसका सही नाम सभी दस्तावेजों में TRIPATI दर्ज कराने के लिए है।

## खबर संक्षेप

### नलकूप से मोटर व सामान ले गए चोर

रेवाड़ी। लिसाना गांव में चोर एक किसान के नलकूप की मोटर व अन्य सामान चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में राजसिंह ने बताया कि जब वह सुबह के समय अपने खेत में बने नलकूप पर गया, तो उसके नलकूप की मोटर गायब मिली। चोर मोटर के साथ उसका स्टार्टर व बिजली की केबल भी चोरी कर ले गए। आसपास काफी पूछताछ करने के बाद भी चोरों का कोई पता नहीं चल सका। थाना सदर पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद चोरी की जांच शुरू कर दी।

### खेत में खड़ी बाइक उड़ा ले गए चोर

रेवाड़ी। कुंभावास में चोर एक खेत में खड़ी बाइक चोरी कर ले गए। रामगढ़ निवासी प्रीतम ने पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि कुंभावास रेलवे स्टेशन के पास धर्मेंद्र का खेत है, जिसमें टीनशेड बनाया हुआ है। वह अपनी बाइक टीनशेड के पास खड़ी करने के बाद काम पर चल गया। शाम के समय जब वह वापस आया तो उसे बाइक नहीं मिली। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चल सका। सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### शांति भंग करने के मामले में 3 आरोपी काबू



कुंड। कुंड पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर शराब के नशे में गाली-गलौच व शोर शराबा करके आम जनता की शांति भंग करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान जिला महेंद्रगढ़ गांव तलोट निवासी धर्मेन्द्र उर्फ मोनू, नारनौल के मोहल्ला कोलियान निवासी नितिन व नारनौल पुरानी मण्डी निवासी सुभम शर्मा के रूप में हुई है।

नशे के खिलाफ पुलिस की मुहिम

# अपराधों पर अंकुश, महिला सुरक्षा और नशे की रोकथाम पुलिस की प्राथमिकता : डीएसपी श्योराण





रेवाड़ी। गांव में डीएसपी व एसएचओ का सम्मान करते ग्रामीण और ग्रामीणों को जरूरी जानकारी देते हुए डीएसपी व एसएचओ। फोटो : हरिभूमि

- डीएसपी बावल सुरेन्द्र श्योराण व एचएचओ संजय सिंह ने गांव नांगल शहबाजपुर व नंगली परसापुर में ग्रामीणों के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बावल

डीएसपी बावल सुरेन्द्र श्योराण ने सोमवार को टीम के साथ गांव नांगल शहबाजपुर व नंगली परसापुर में ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी व जल्द ही समाधान कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान बावल थाना प्रभारी इंस्पेक्टर संजय कुमार भी मौजूद थे। डीएसपी सुरेन्द्र श्योराण ने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। अपराध पर अंकुश, महिला सुरक्षा व नशे की रोकथाम पुलिस की प्राथमिकता है। नशा समाज का साझा दुश्मन है, इसलिए समाज से नशे को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए सभी लोग अपनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाएं तथा पुलिस की ओर से नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम में सहयोग करें। डीएसपी ने कहा कि नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सभी ग्राम पंचायतें, सामाजिक संस्थाएं तथा यूथ क्लब अपनी अग्रणी भूमिका निभाएं ताकि समाज को पूरी तरह से नशा मुक्त किया जा सकें।

डीएसपी ने कहा कि जिला पुलिस अपने स्तर पर नशे के खिलाफ लगातार अभियान चलाए हुए हैं, जिसके तहत नशा तस्करों पर शिकंजा कसा जा रहा है तथा युवाओं को विभिन्न खेल गतिविधियों तथा कार्यक्रमों के माध्यम से नशे से दूर किया जा रहा है। पुलिस के अभियान से प्रेरित होकर जहां युवा शिक्षा और खेलों की ओर अग्रसर हो रहे हैं, अनेक नशा ग्रस्त युवकों ने नशा छोड़ने की पहल भी की है, जिनका स्थानीय प्रशासन की मदद से इलाज कराकर फिर से समाज की मुख्यधारा में शामिल किया गया है। नशा बेचने वालों की असली जगह जेल में है, इसलिए नशे का कारोबार करने वालों की सूचना निःसंकोच होकर पुलिस को दें, पुलिस प्रशासन की ओर से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मां-बाप भी अपने बच्चों की दैनिक गतिविधियों पर पैनी नजर रखें तथा अपने बच्चों को नशे से दूर रहकर शिक्षा तथा खेलकूद की गतिविधियों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें।

### साइबर अपराध के प्रति किया जागरूक

डीएसपी ने कहा सभी साइबर अपराधों से भी स्वयं को दूर रखे व सोशल मीडिया पर अंजान लोगो से फ्रैंड व फॉलो रिक्वेस्ट असेप्ट न करें। अपनी गोपनीय जानकारी किसी को न दे। किसी भी साइबर अपराध के घटित होने पर तुरंत प्रभाव से हेल्पलाइन नंबर 1930 पर काल करे या पुलिस की साइबर क्राइम की वेबसाइट साइबरक्राइम.जीओवी.इन पर भी शिकायत दर्ज करा सकते है। उन्होंने कहा कि महिला विरुद्ध अपराधों पर पुलिस की ओर से सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। महिलाओं को भी उनके अधिकारों व कानूनों की जानकारी दी जा रही है। महिला थाना, महिला हेल्पलाइन 1091 व डायल 112 पीड़िता की मदद के लिए है। महिलाएं कभी भी अपनी शिकायत दे सकती है। पुलिस की ओर से सख्ती से कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों से सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए गांवों में अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाने की अपील भी की।

## पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने पुलिस लाइन में चलाया स्वच्छता अभियान

रेवाड़ी। जिला पुलिस की ओर से सोमवार को दिल्ली रोड स्थित पुलिस लाइन परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस कर्मियों न पुलिस लाइन में ऊगी खरपतवार को साफ किया और कचरे का निस्तारण किया। पुलिस कर्मियों की ओर से श्रमदान के बाद पौधारोपण करके पर्यावरण का संदेश भी दिया गया।

एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि साफ-सफाई से न केवल पर्यावरण शुद्ध होता है, बल्कि इससे मनुष्य का मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य भी बेहतर होता है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ परिसर एक सकारात्मक माहौल तैयार करता है, जिससे काम करने की क्षमता भी बढ़ती है। उन्होंने कहा कि ऐसे अभियान से पुलिसकर्मियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और समाज में भी स्वच्छता का संदेश जाएगा।

एसपी ने कहा कि नियमित साफ-सफाई से अनुशासन एवं जिम्मेदारी का अहसास होता है। स्वच्छता सिर्फ सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने आसपास सफाई का विशेष ध्यान रखें। एसपी ने अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाए रखना सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी अति आवश्यक है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए तथा वातावरण को स्वच्छ बनाने के लिए अपना अहम योगदान देना चाहिए।



रेवाड़ी। पुलिस लाइन में स्वच्छता अभियान चलाते पुलिसकर्मी।



रेवाड़ी। वाहन चालकों को जानकारी देते हुए पुलिस टीम।

## सड़क हादसों से बचने के लिए ट्रैफिक नियम अपनाना बहुत जरूरीः अनूप कुमार

- ट्रैफिक पुलिस ने कापड़ीवास ट्रक यूनियन में वाहन चालकों व आमजन को नशे के दुष्प्रभावों, साइबर अपराध व यातायात नियमों की दी जानकारी

रेवाड़ी। ट्रैफिक पुलिस ने सोमवार को कापड़ीवास ट्रक यूनियन में वाहन चालकों व आमजन को नशे के दुष्प्रभावों, साइबर अपराध व यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में ट्रैफिक थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार व धारूहेड़ा टीएपी इंचार्ज एसआई सुरेश कुमार मौजूद थे। इस मौके पर ट्रैफिक थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अनूप कुमार ने कहा कि ट्रैफिक नियमों को अपनी रोजाना की जिंदगी में अपनाना बहुत जरूरी है। नियमों को नजर अंदाज करने से जीवन में बहुत से सड़क हादसे हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट जरूर पहने, घर से निकलते समय वाहन के पूरे कागजात रखें व लेट होने की बजाए समय से पहले घर से निकले। गाड़ी चलाने से पहले सीट बेल्ट जरूर बांधनी चाहिए। सभी को सड़क पर सही साइड पर चलना चाहिए। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें। उन्होंने कहा कि सभी अपने नाबालिग बच्चों को गाड़ी चलाने न दे, अन्यथा पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई होगी। एचएचओ ने कहा कि सुरक्षित यात्रा के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से जागरूकता कार्यक्रम व वाहन चेकिंग अभियान चलाए जा रहे है। निरीक्षक अनूप कुमार ने वाहन चालकों व आमजन को साइबर अपराध के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जागरूकता से साइबर क्राइम की रोकथाम संभव है। साइबर ठगी होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें और साइबरक्राइम.जीओवी.इन पर अपनी शिकायत दर्ज कराएं। उन्होंने कहा कि पुलिस व पब्लिक के सहयोग से ही नशे से समाज को छुटकारा दिलाया जा सकता है। अगर कोई नशा तस्कर उनके इलाके में नशा बेचता है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि यदि मोहल्ले व शहर में नशे का कोई आदी व्यक्ति है, तो उसको नशा मुक्ति केंद्र में दाखिल कराएं। उन्होंने कहा की जागरूकता से ही हम युवा पीडी को नशे के जहर से बचा सकते है।



रेवाड़ी। समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते डीसी व एडीसी।

## नंदरामपुर बास में गंदे पानी की निकासी के लिए कमेटी गठन कर समाधान के निर्देश

रेवाड़ी। सोमवार को डीसी अभिषेक मीणा की अध्यक्षता में लघु सचिवालय सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नागरिकों ने अपनी अनेक समस्याएं रखीं। डीसी ने शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को उनके शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि सभी विभागाध्यक्ष समाधान शिविर में आने वाली सभी शिकायतों का तत्परता से निपटान करना सुनिश्चित करें। सोमवार को डीसी ने नंदरामपुर बास में गंदे पानी की निकासी की शिकायत सुनते हुए डीडीपीओ को कमेटी गठन करके समाधान करने के निर्देश दिए। जिला व उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविरों में अवैध निर्माण, पेयजल सप्लाई, फैमिली आईडी, पेंशन, बिजली व पुलिस सहित अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें आईं। इन शिकायतों पर प्राथमिकता से जल्द से जल्द निवारण करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर एडीसी राहुल मोदी, एसडीएम सुरेन्द्र सिंह,सीटीएम प्रीति रावत व डीएसपी विजय शंकर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## कंपनी की गाड़ी के टायर चोरी के मामले में ड्राइवर गिरफ्तार

बावल। बावल थाना पुलिस ने अक्टूबर 2024 में गाड़ी के टायर व डीजल चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान सरवर निवासी गढी दौलत गगैरू जिला शामली यूपी के रूप में हुई है। विष्ण कुमार निवासी नौनेरा कामा भरतपुर ने बताया कि वह असेट लाजिस्टिक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी खुशखेड़ा में कार्यरत है। कंपनी की गाड़ी पर सरवर निवासी गगैरू जिला शामली उत्तर प्रदेश बतौर चालक है। 1 अक्टूबर 2024 सरवर कंपनी में गाड़ी खाली करके एनएच-48 से जयपुर जा रहा था, लेकिन वह खेड़ा बार्डर के पास महादेव होटल पर गाड़ी खड़ी करके चला गया। अगले दिन कंपनी के कर्मचारी ने उससे मोबाइल फोन पर सम्पर्क किया तो उसने बताया कि वह जरूरी काम से घर चला गया है और 3 अक्टूबर को आएगा, लेकिन उस दिन उसका फोन बंद मिला। जब जीपीएस लोकेशन के आधार पर कंपनी से दूसरे ड्राइवर को मौके पर भेजा गया तो गाड़ी के चार टायर गायब थे और डीजल भी नहीं था। जब उन्होंने वीर ब्रदर्स पंप के कैमरे चैक किए तो गाड़ी में टायर लगे हुए थे तथा उनकी गाड़ी वीरेन्द्र पंप व मालाबार पंप के पास करीब 26 मिनट रुकी थी। जब वहां के कैमरे चैक किए तो गाड़ी के चार टायर गायब थे। पुलिस ने मामले में गाड़ी के ड्राइवर सरवर निवासी गगैरू जिला शामली उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर लिया है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में टायर चोरी का आरोपी।

## दो व्यक्ति घर के बाहर खड़ी बाइक लेकर हुए फरार केस दर्ज

धारूहेड़ा। महेश्वरी की विकास नगर कॉलोनी से चोर एक मकान के बाहर खड़ी बाइक चोरी कर ले गए। वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसमें दो लोग बाइक चोरी करते हुए नजर आ रहे हैं। पुलिस ने फुटेज कब्जे में लेकर आरोपियों की पहचान के प्रयास शुरू कर दिए। राजस्थान के नांगल संतोकड़ा निवासी सोराम ने बताया कि वह विकास नगर में किराए पर रहता है। अपने रिश्तेदार राजस्थान के सेदपुर निवासी जगत सिंह की बाइक चलाने के लिए लाया था। उसने बाइक मकान के बाहर खड़ी की थी। सुबह जब वह उठकर मकान से बाहर आया तो उसे बाइक नहीं मिली। पास में लगे सीसीटीवी कैमर की फुटेज चेक की रात को करीब 1:30 बजे दो लोग उसकी बाइक लेकर जाते हुए दिखाई दिए।

कचरा मुक्त भारत | ब्राह्मण सभा व व्हाई वेस्ट वेडनस-डे फाउंडेशन का कार्यक्रम

## रोजमर्रा में आने से बेतहर बनती है कार्य योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

ब्राह्मण सभा व व्हाई वेस्ट वेडनस-डे फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में कचरा मुक्त स्वच्छ भारत अभियान को लेकर सोमवार को ब्रह्मगढ़ परिसर में री-सायकल मेले का आयोजन सभा के प्रधान चंद्रशेखर गौतम की अध्यक्षता में किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि एडीसी व डीएमसी राहुल मोदी ने कहा कि किसी भी कार्य योजना को बेहतर बनाने के लिए उस कार्य को अपने रोजमर्रा के व्यवहार में लाना होगा। फाउंडेशन की ओर से ई-वेस्ट, प्लास्टिक, कागज का कचरा को लेकर री-सायकल करके जो उत्पाद बनाकर आमजन के बेहतर स्वास्थ्य के लिए दिए जा रहे वे सभी प्रशंसनीय है। कार्यशाला में लगे उत्पादों के बारे में डा. रूबी मखीजा से जानकारी ली। मुख्य वक्ता डा. रूबी मखीजा ने ई-वेस्ट, प्लास्टिक, कागज का कचरा को लेकर री-सायकल किए हुए कोपियर पेपर, नोटबुक, बैग, पेंसिल विस्तार से प्रबंधन, कचरा कलेक्शन व बनाने की कार्यप्रणाली की जानकारी दी। डा. रूबी ने कहा कि कचरे के प्रति जागरूकता अभियान के अंतर्गत री-सायकल का विशेष महत्व है। हम घरों और दुकानों से निकलने वाली वेस्ट को री-सायकल कर शहर को स्वच्छ रख सकते हैं। उपप्रधान दीपक मुदगिल एडवोकेट ने अतिथियों का स्वागत किया। पूर्व कार्यकारी प्रधान प्रेम कौशिक, राजेश शर्मा, दिलीप शास्त्री,सैक्टर-1 आरडब्ल्यूए प्रधान रविन्द्र कुमार, मनोज वशिष्ठ व रिटायर्ड ईओ नगर परिषद मनोज यादव ने अपने अनुभव साझा किए।



रेवाड़ी। मेले में वेस्ट से बने आइटम देखते एडीसी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे उपस्थित

*कार्यक्रम में महासचिव जय कुमार कौशिक, कार्यकारिणी सदस्यगण भूपेंद्र भारद्वाज, जितेन्द्र तिवारी, सुरेश शर्मा सुभाष शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, प्रकाश चन्द्र भारद्वाज, दिनेश वशिष्ठ, सहप्रबंधक सुरेश शर्मा व दीपक शर्मा संगवाड़ी, महिला प्रधान सरोज भारद्वाज, सोमदत्त शर्मा, दलीप शास्त्री, सतीश मस्तान, सतीश गौड़, इन्द्रपाल शर्मा, भानुप्रताप शर्मा, विरेन्द्र कुमार अग्रवाल, नवीन शर्मा, राजेश शर्मा, हर्षित शर्मा व सतीश भारद्वाज सहित अनेक संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।*

DJH देव ज्योति हॉस्पिटल
सुपरस्पेशलिटी व मल्टीस्पेशलिटी विंग
9416200763, 9053303051




देव ज्योति हॉस्पिटल अपने नए स्थान पर चला गया है।
आयुष्मान भारत के अंतर्गत निःशुल्क ईलाज एवं सभी ऑपरेशन दूरबीन द्वारा
जच्चा बच्चा अस्पताल, ICU सुविधा व सभी प्रकार के आप्रेशन दूरबीन द्वारा, नार्मल व ऑपरेशन से डिलीवरी व बच्चेदानी का ऑप्रेशन, मेडिसन व रेवाड़ी का Fully अत्याधुनिक ICU सेंटर
नार्मल व ऑपरेशन से डिलीवरी व बच्चेदानी का ऑपरेशन
High Risk & Painless (दर्द रहित) Delivery
A Complete Maternity Center (जच्चा बच्चा)
24/7 Emergency Services
HAPPY Doctor's Day



DR. DEVENDER YADAV
MBBS, MD, IDCCM
आई.सी.यू. व सांस रोग विशेषज्ञ

MEDICINE & ICU
● UROLOGY
● GENERAL SURGERY
● TRAUMA CENTER
मेडिसन व रेवाड़ी का Fully अत्याधुनिक ICU सेंटर
सभी तरह के एक्सीडेंट हड्डी के ऑपरेशन



DR. JYOTI YADAV
MBBS, DGO, DNB
स्त्री रोग विशेषज्ञ, सिविल हॉस्पिटल रेवाड़ी

पता : हीरो एजेन्सी के सामने, धारूहेड़ा चुंगी के पास, रेवाड़ी (हरि.)